आयुक्त ने जारी की स्वच्छता श्रृंगार की राशि

भिलाईनगर। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय सुलभ शौचालयों को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए स्वच्छता श्रृंगार के लिए शासन द्वारा अनुदान की राशि प्राप्त होती है। जिसके माध्यम से उसे आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाया जाता है। वर्तमान में नगर निगम भिलाई ने स्वच्छता श्रृंगार मद में 19 लाख रूपया था। जिसे आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा स्वच्छता श्रृंगार करने वाली एजेंसियों को उनके कार्य के अनुरूप भुगतान किया गया। शासन से शेष अनुदान की राशि प्राप्त होती है ही भुगतान कर दिया जाएगा।